मध्य रेल

सोलापुर मंडल

मासिक परिचालन पत्रिका

माह- अगस्त 2019 अंक 22

सक्षम अभियान

हमारा उद्देश्य

संरक्षा प्रथम, अंतिम एवं हर समय

18.08.2019 को जिन्ती रोड एवं भिगवन स्टेशन के बीच स्थित फाटक संख्या 23 द्वारा नोटिस किये गए हॉट एक्सल का दृश्य

दिनांक 26.08.2019 को गेट मन गेट संख्या 21 भिगवन द्वारा डाउन शताव्दी एक्सप्रेस के एक कोच का प्लेट गायव होने की सूचना

सतर्क आदमी संरक्षा का सर्वोत्तम साधन है

कर्मचारियों/यात्रियों द्वारा किये गए अच्छे कार्य

1. दिनांक 18.08.2019 को अप सासवड एन मालगाड़ी में गार्ड ब्रेक वेन से दूसरे स्थान पर मार्शल किये गए वैगन में हॉट एक्सल पाया गया. इस घटना की सूचना ड्यूटी पर उपस्थित गेटमेन गेट संख्या 23 ने स्टेशन मास्टर भिगवन को दी. स्टेशन मास्टर भिगवन ने सभी सावधानियों का पालन करते हुए मालगाड़ी को मुख्य लाइन पर रिसीव किया और कथित हॉट एक्सल वैगन को लोड से अलग करके ए एंड डी साइडिंग में रख दिया.

2. दिनांक 26.08.2019 को ड्यूटी पर उपस्थित गेटमेन श्री राकेश कुमार यादव गेट संख्या 21 भिगवन ने नोटिस किया कि गाड़ी संख्या 12025 के एक कोच का एक्सल प्लेट गायव है. ड्यूटी पर उपस्थित उप स्टेशन प्रबंधक भिगवन ने तुरंत कार्रवाई करते हुए गाड़ी को जिन्ती रोड स्टेशन में रुकाया गया एवं गाड़ी की जांचकर आगे रवाना किया गया.

सहायक.नियम 3.52-2:

शंटिंग के दौरान गाड़ी पटरी से न उतरने के लिए एहतियात (पूर्वोपाय):

(क) अपेक्षित कांटे सही लगाने तथा तालित करने के बाद ही शंटिंग के लिए हाथ सिग्नल दिए जायेंगे.

(ख) कांटे बदलने से पहले लीवरमेन/स्विचमेन खतरा सिग्नल दिखायेगा.

(ग) (i) शंटिंग कार्य का कार्यभारी व्यक्ति दिन में हाथ रात में सफेत बत्ती आड़े हाथ से हिला कर लीवरमेन/केबिन मेन/स्विचमेन को कांटे लगाने के लिए संकेत देगा. यह संकेत सम्बंधित कांटे पर से प्रदर्शित किया जाएगा.

(ii) शंटिंग कार्य का कार्यभारी व्यक्ति आड़ी लाल झंडी दिन में और आड़ी लाल बत्तीरात में हिलाकर लीवरमेन/केबिन मेन/स्विचमेन को इस बात का संकेत देगा कि कांटे पर शंटिंग कार्य पूरा हो गया है, और काँटा आवश्यकतानुसार पुनः लगाया जा सकता है. यह संकेत सम्बंधित कांटे पर से दिखाया जाएगा.

(घ) जिस समय कांटे बदले जा रहे हों उस समय किसी प्रकार की शंटिंग नहीं करनी चाहिए, शंटिंग के लिए सिग्नल देने से पूर्व ही इसे सुनिश्चित कर लेना चाहिए.

(ङ) जब शंटिंग हो रही हो तब लीवरमेन/केबिन मेन/स्विचमेन को कांटे बदलने का संकेत मिलने के बावजूद भी कांटे तब तक नहीं बदलने चाहिए जब तक वहां पहले खतरा हाथ सिग्नल न दिखला दे और यह सुनिश्चित न करले कि शंटिंग बंद कर दी गयी है.

(च) किसी भी कांटे को उस समय प्रचालित या परिवर्तन नहीं करना चाहिए जब किसी इंजन या वाहनों के अगले पहिये उन कांटों से इतने निकट हों कि इंजन या वाहनों के कांटों पर आने के पहले ही उन्हें पूरी तरह से न लगा दिया जा सके. काँटों का प्रचालन तब तक नहीं करना चाहिए जब तक इंजन और सभी वाहन पूरी तरह से उन पर से गुजर न जाए.

सहायक नियम 4.29-1

असक्त वाहन, माल डिब्बा, टेंडर या क्षतिग्रस्त इंजन को ले जाना :-

जब लोको फोरमन या गाड़ी परीक्षक किसी असक्त वाहन, माल डिब्बा, टेंडर या क्षतिग्रस्त इंजन को पिछले ब्रेक यान के पीछे सुरक्षित समझता है तो वहां इसकी लिखित सूचना स्टेशन मास्टर को देगा, स्टेशन मास्टर लिखित सूचना प्राप्त करने पर इस प्रकार के वाहन, माल डिब्बे, टेंडर या इंजन को दिन के प्रकाश के दौरान और अच्छे मौसम में माल गाड़ी के या जिन सेक्शन पर साधारण तौर पर माल गाड़ियाँ न चलती हों वहां मिली जुली गाड़ी के ब्रकेयान के पीछे लगा सकता है. सूर्यास्त के पश्चात या धुंध कोहरे या तूफानी मौसम में वाहन, माल डिब्बे, टेंडर या इंजन को गाड़ी से काटकर जरूर अलग कर देना चाहिए और दिन के प्रकाश में या मौसम साफ़ होने पर उसे पुनः आगे जाने देना चाहिए. सूचना की मूल प्रति गाड़ी के गार्ड को जर्नल के साथ भेजने के लिए अवस्य दे देनी चाहिए. यदि वाहन, माल डिब्बे, टेंडर या इंजन को गंतव्य स्थान पहुँचने से पूर्व गाड़ी से काटकर अलग कर लिया जाये तो सूचना की मूल प्रति उस स्टेशन मास्टर को अवश्य दे देनी चाहिए. जो उसे बाद में जाने वाली उस गाड़ी के गार्ड को सौंप देगा. जिसमें उस वाहन, माल डिब्बे, टेंडर या क्षतिग्रस्त इंजन को लगाकर आगे भेजा जायेगा. इस प्रकार का केवल एक वाहन, माल डिब्बा , टेंडर या इंजन माल गाड़ी या मिली जुली गाड़ी के पीछे लगाया जा सकता है. ऐसे वाहन माल डिब्बे टेंडर या इंजन को गाड़ी में लगाया जाने पर लोको फोरमैन या प्रधान गाड़ी परीक्षक को गाड़ी के साथ जाने के लिए सक्षम रेल कर्मचारी को तैनात करना चाहिए.

“कृपया शॉर्टकट न अपनाएँ”

इकहरी लाइन एवं दोहरी लाइन के ब्लॉक उपकरणों पर घंटी कूट संकेत

क्र.	संकेत	कोड	संकेत कैसे दिया जाता है	प्राप्ति स्वीकृति कैसे दी जाती है
1	ध्यान आकर्षण या टेलीफोन पर बात करें	0	एक बीट	एक बीट
2	क्या लाइन क्लियर है? या लाइन क्लियर पूछताछ	00	दो बीट	दो बीट
3	क. गाड़ी का ब्लॉक सेक्शन में प्रवेश ख. ब्लॉक बैक/ ब्लॉक फॉरवर्ड	000	तीन बीट	तीन बीट
4	क. गाड़ी का ब्लॉक सेक्शन से बाहर होना ख. अवरोध का हटना ग. इकहरी/डबल लाइन पर ब्लॉक क्लियर होना	0000	चार बीट	चार बीट
5	क. पिछला बेल संकेत रद्द करें ख. बेल संकेत गलती से दिया गया है	00000	पांच बीट	पांच बीट
6	क. अवरोध खतरा संकेत (साधारण)	000000	छः बीट	छः बीट
	ख. रोको और गाड़ी की जांच करो	000000-0	छः बिराम एक बीट	छः बिराम एक बीट
	ग. गाड़ी टेल लैंप या तेल बोर्ड के बिना निकल गयी है.	000000-00	छः बिराम दो बीट	छः बिराम दो बीट
	घ. गाड़ी विभाजित हो गयी है.	000000-000	छः बिराम तीन बीट	छः बिराम तीन बीट
	ङ. वाहन गलत दिशा में निकल भागे हैं	000000-0000	छः बिराम चार बीट	छः बिराम चार बीट
	च. वाहन सही दिशा में निकल भागे हैं.	000000-00000	छः बिराम पांच	छः बिराम पांच
7	परीक्षण	00000000 00000000	सोलह बीट	सोलह बीट

सावधानी हटी कि दुर्घटना घटी

संकलन : आर.बी.सिंह यातायात निरीक्षक दौंड.
सहयोग : पी आर नायर यातायात निरीक्षक (संरक्षा) सोलापुर.

संरक्षा प्रथम, अंतिम एवं हर समय